संख्या- 80/2015/1236 /एक-6-2015-15(6)/2014

प्रेषक,

गिरीश चन्द्र,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,
उ0प्र0 लखनऊ।

राजस्व अनुभाग-6 **लखनऊ दिनांक 07 अक्टूबर , 2015**

विषय: वार्षिक योजना 2015-16 के आयोजनागत कार्यक्रमों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की माह सितम्बर, 2015 तक की स्थिति की मासिक समीक्षा बैठक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, राज्य योजना आयोग के पत्र संख्या-18 आ0पी0(1)/35-आ-1/2014-19 दिनांक 01-10-2015 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा वार्षिक योजना 2015-16 के आयोजनागत कार्यक्रमों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति माह सितम्बर, 2015 तक की स्थिति की मासिक समीक्षा बैठक दिनांक 12-5-2015 को अपरान्ह 12.30 बजे से योजना भवन, उ0प्र0 शासन स्थित कक्ष संख्या- 211 द्वितीय तल आहूत होने की सूचना दी गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विषयांकित प्रकरण की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की अद्यावधिक स्थिति की सूचना पूर्व निर्धारित प्रारूप पर छः प्रतियों में राज्य योजना आयोग-1 तथा एक-एक प्रति प्रमुख सचिव, वित्त, प्रमुख सचिव, समाज कल्याण व इस अनुभाग को सीधे उपलब्ध कराते हुए प्रकरण से सम्बन्धित उप भूमि व्यवस्था आयुक्त से अनिम्न स्तर के अधिकारी को इस आशय से निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे कृपया उक्त बैठक में समस्त सुसंगत सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(गिरीश चन्द्र)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in